विधानसभा / महत्वपूर्ण

# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@gov.in website- https://fcs.cg.gov.in/ )

क्रमांक 132 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 07 / 2025

प्रति,

प्रबंध संचालक,
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ
मर्यादित्, सेक्टर 21, नवा रायपुर,
अटल नगर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 954 अतारांकित द्वारा श्री दलेश्वर साहू सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 954 **अतारांकित** की प्रति संलग्न है। उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर **'यूनिकोड फॉन्ट'** में दिनांक 03.07.2025 तक **ई–मेल** के माध्यम से भिजवाने का कष्ट करें। उत्तर के परिशिष्ट एक–पेज से अधिक होने की स्थिति में सीडी अथवा ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से परिशिष्टों की जानकारी **'यूनिकोट फॉन्ट'** में हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **(विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है)।**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश में धान खरीदी के लक्ष्य के विरूद्ध खरीदी गई मात्रा**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **954** ) **श्रीदलेश्वर साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

खरीफ वर्ष 2024-25 में राज्य में कुल कितने हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा था एवं लक्ष्य के विरूद्ध कितनी मात्रा में धान की खरीदी कर मिलिंग कराया गया है? धान खरीदी उपरांत सूखत का प्रतिशत कितना है एवं कितने प्रतिशत सूखत के लिए कौन-कौन स्तर के अधिकारी जिम्मेदार हैं? क्या शून्य प्रतिशत सूखत लाने वाली सोसायटी को प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है ? यदि हॉ तो कितनी सोसायटी को कितनी राशि प्रदान की गयी है व लंबित का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? क्या खरीदी किये गये धान को खुले बाजार में भी बेचा गया है? यदि हॉ तो कितनी मात्रा में धान को बेचा गया है व बेचने का क्या कारण है? किस प्रक्रिया के तहत धान का विक्रय किया गया है? धान विक्रय से कितनी राशि के राजस्व का नुकसान या फायदा हुआ है? उक्त जानकारी जिलेवार देवें?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:02 |

**Remark :**

मार्कण्डेय